## खबर संक्षेप

### गणेश मंदिर की आधारशिला

**सौंसर।** नगर के वार्ड 5-6 में जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड हस्तें सार्वजनिक गणेश मंदिर निर्माण की आधारषिला रखी गई। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ में सार्वजनिक गणेष मंदिर निर्माण का भूमिपूजन किया गया। अवसर पर बोलते हुये जिलाध्यक्ष श्री मोहोड ने कहा कि, हमारा भारत सनातन की ओर अग्रसर हो रहा है, भारत देष देवी देवताओं की जन्मस्थलि रही है, हमें हमारे सनातन की रक्षा के लिये एकजुटता के साथ आगे आना चाहिये। कार्यक्रम में प्रमुखता से नगर पालिका अध्यक्ष सुरेखा इंदरचंद्र डागा, पार्षद डॉ सुनील खंडाईत, मंदिर कमेटी अध्यक्ष विनोद कलसकर, उपाध्यक्ष आदित्य गायकवाड, सचिव सतीष धकाते, सहसचिव किषोर पाटिल, कोषाध्यक्ष अरूण खंडाईत, मनोज बोडखे, किषोर यावलकर, विकास जौंजाल, जीतू कोठेकर, कमलेश वरोकार, जितेन्द्र श्रीखंडे, दिवाकर अढाऊ, दिनेष अढाऊ, ऋषभ गायकवाड, आदि उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त कोयला खदान मजदूर संघ की हुई बैठक

**भमोड़ी / परासिया :** पंजीकृत संस्था सेवानिवृत्ति कोयला खदान मजदूर संघ , अखिल भारतीय कार्यालय नागपुर के तत्वाधान में क्षेत्रीय कार्यालय वेकोलि पेंच - कन्हान के अध्यक्ष ललित सूर्यवंशी की अध्यक्षता में भमोड़ी बस स्टैंड में सोमवार को बैठक आयोजित की गई । जिसमें सेवानिवृत्ति कामगारों को मेडिकल बिलों का पैसा दिलवाने , रिवाइज्ड पेंशन का पैसा दिलवाने पर चर्चा हुई । चर्चा के पश्चात लगभग 20 सेवानिवृत्ति कामगारों के घर पर जाकर संगठन के कार्यकर्ताओं ने उन्हें सदस्य बनाया । उनकी समस्याएं जानी । इस बैठक में ललित सूर्यवंशी , हीरालाल त्रिपाठी ,निर्मल राहा , अशोक डेहरिया , अजय ध्यानी , कृष्णकांत बावरिया , नरेश राठौर , मंसाराम यादव , सूर्यकांत ढोगे , सुभाष सक्सेना आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## पीएम और सीएम पिचकारी की बढ़ी डिमांड, बच्चों में दिख रहा खासा उत्साह

# होली से पहले बाजार में रौनक, प्राकृतिक रंगों की बढ़ी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

होली का त्योहार नजदीक आ रहा है और इसके साथ ही बाजारों में चहल-पहल भी बढ़ गई है। बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक यह पर्व लोगों में खास उत्साह भर रहा है। जैसे-जैसे होली करीब आ रही है, वैसे-वैसे बाजारों में रौनक बढ़ रही है।

शहर में फव्वारा चौक, छोटी बाजार, गोलगंज, शनिचरा बाजार जैसे प्रमुख बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। लोग गुलाल और रंग-बिरंगे रंगों की खरीदारी के लिए निकल रहे हैं, जिससे दुकानदारों के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं। खासकर बच्चे तरह-तरह की पिचकारियों को देखकर उत्साहित नजर आ रहे हैं।



इस बार होली खास रहने वाली है, क्योंकि बाजारों में केमिकल युक्त रंगों की तुलना में प्राकृतिक गुलाल को लोग ज्यादा पसंद कर रहे हैं। ये रंग न केवल त्वचा के लिए सुरक्षित हैं, बल्कि आसानी से हट भी जाते हैं। बाजार में स्थानीय दुकानदार ने बताया कि ग्राहक इस बार पक्के रंग की तुलना में प्राकृतिक रंगों को ज्यादा पसंद कर रहे। खासकर अपने बच्चे की त्वचा को ध्यान में रखकर माता-पिता रंग खरीद रहे है। बाजार में इस बार नेताओं और अभिनेताओं के नाम वाली पिचकारियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। खासतौर पर पीएम मोदी पिचकारी सबसे अधिक पसंद की जा रही है जबकि सीएम पिचकारी भी खूब बिक रही है। इसके अलावा रंग-बिरंगे मास्क और कृत्रिम बाल भी लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।

### बाजार में जमकर कर रही महिलाएं खरीददारी

घरों में महिलाएं भी इस पर्व को खास बनाने के लिए उत्साहित हैं। वे परिवार के लिए स्वादिष्ट व्यंजन तैयार करने के लिए जरूरी सामान की खरीदारी कर रही हैं। बाजारों की रौनक और लोगों का उत्साह इस बात का संकेत है कि इस बार होली पहले से भी अधिक जोश और उल्लास के साथ मनाई जाएगी।

### 13 मार्च को जलेगी होली, 14 को होगी धुरेंडी

शहर में आगामी 13 मार्च को होली एवं 14 मार्च को धुरेंडी का पर्व होने के कारण अभी से शहर में रंग बिरंगी पिचकारियों एवं रंग गुलाल की बिक्री जमकर हो रही है। बच्चों सहित महिलाओं ने अभी से खरीददारी शुरू कर दी है।

### स्व सहायता समूहों की महिलाओं को किया आत्मनिर्भर

## कलेक्टर ने किया पातालकोट आजीविका उत्पादों का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा समय सीमा की बैठक में स्व-सहायता समूहों की दीदीयो को लखपति एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाये जाने के लिये छिंदवाड़ा जिले के पातालकोट में आजीविका उत्पादों का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि यह उत्पाद पातालकोट के स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए हैं और इनमें मिलेट्स उत्पाद, हर्बल गुलाल, प्राकृतिक शहद आदि शामिल हैं। इन उत्पादों को ऑनलाइन भी खरीदा जा सकता है और इसके लिए एक विशेष प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है। यह प्लेटफॉर्म स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को अपने उत्पादों को बेचने का एक नया अवसर प्रदान करेगा।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि ₹यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि हम ग्रामीण आजीविका मिशन की स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक नया कदम उठा रहे है। यह उत्पाद न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रतिस्पर्धा करेंगे।₹ इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ श्री अग्रिम कुमार, अतिरिक्त कलेक्टर श्री के.सी. बोपचे, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, एसडीएम श्री सुधीर जैन, उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार, जिला परियोजना प्रबंधक श्रीमती रेखा अहिरवार, सुश्री आम्रपाली जावलकर, सुश्री सुरभि बागियार और अन्य विभाग के जिला अधिकारी प्रमुख उपस्थित थे।

## गंभीर चोट कारित करने वाले आरोपी को 10 वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

सोमवार दिनांक 10/03/2025 को अपर सत्र न्यायाधीश जुन्नारदेव द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 4/2021 में निर्णय घोषित करते हुए आरोपी रामस्वरूप निवासी रेनीखेड़ा थाना माहुलझिर को 10 वर्ष के कारावास एवं 1000 रुपए के जुर्माना से दंडित किया है ।



अपर लोक अभियोजक /शासकीय अधिवक्ता पंकज श्रीवास्तव द्वारा बताया गया की घटना का विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 25/10/2020 को सुबह करीब 9 बजे ग्राम रैनीखेड़ा थाना माहुलझिर मैं प्रार्थी तारा बाई अपने घर से छोटी बहन गोमती बाई के घर जा रही थी तभी आरोपी रामस्वरूप अपनी पत्नी गोमती बाई के साथ मारपीट कर रहा था तारा बाई के द्वारा बीच बचाव करने पर आरोपी ने तारा बाई के हाथ बाएं पैर में कुल्हाड़ी की मुधाई से वार कर गंभीर चोट पहुंचाई जिससे ताराबाई के हाथ में पैर में फैक्चर पाया गया इस प्रकार घोर उपहति गंभीर चोट कारित की थी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 70 / 2020 में धारा 307 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध किया था अपर लोक अभियोजक जुन्नारदेव के द्वारा धारा 216 सीआरपीसी के तहत आवेदन देकर धारा 326 भादवी इजाफा (बढ़वाई )गई थी जिस पर अपर सत्र न्यायालय जुन्नारदेव के द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 04/21 का विचारण कर गवाहों के परीक्षण के आधार अपराध सिद्ध पाए जाने पर दोष सिद्ध करते हुए उपरोक्त धारा 326 भादवी के तहत आरोपी रामस्वरूप को 10 वर्ष का कारावास एवं 1000 रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है प्रकरण मे राज्य की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव द्वारा की गई।

## विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की सतर्कता से चोरी किए गए जा रहे पाइप बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

चौरई के ग्राम समसवाड़ा के पास स्थित जयस पेट्रोल पम्प के आगे छिंदवाड़ा फुलारा टोल से 10 किलोमीटर पहले चौरई थाना क्षेत्र अंतर्गत लाखों की कीमत के पाइप ट्रक में रोड से उठाकर भरे जा रहे थे। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं को सड़क किनारे कुछ संदेहास्पद गतिविधियां होती नजर आई जिसमें उन्होंने ट्रक के पास जाकर देखा तो वहां पर ट्रक में पाइप भरे जा रहे थे पूछे जाने पर लोग सही जवाब नहीं दे पाए और ट्रक WB 11 E 49560 छोड़कर भाग गए। रात में ही एसपी साहब को सूचना दी गई तब चौरई टीआई द्वारा टीम को भेजकर ट्रक और



पाइप जप्त किया गया। पुलिस विभाग द्वारा 130 पाइप जिसकी कुल कीमत छह लाख 54 हजार आंकी गई है। ओम कंस्ट्रक्शन एलसी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के पाइप बताए जा रहे है जो कि चोरी की नीयत से ट्रक पर लोड किए गए थे। ट्रक पश्चिम बंगाल का है। कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा रिपोर्ट लिखाई गई है। थाना प्रभारी गणपत सिंह उइके ने बताया कि इस तरह के मामले सिवनी जिले में पहले हो चुके है। पूछताछ की जा रही है। जल्द ही अज्ञात आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

विश्व हिंदू परिषद की तरफ से जिला सह मंत्री रुपेश लांजीवर, जिला संयोजक गौरव सेन एवं जिला सहसंयोजक निर्भय पटेल पूरे घटनाक्रम में उपस्थित रहे।

### इनकी रही भूमिका

थाना प्रभारी गणपत सिंह उइके, इस आई शरद मालवी, आरक्षक सतीश बघेल, राजकिशोर बघेल.अ क्र. 219/25धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## रामनवमी, हनुमान जयंती, नए कर्मचारियों की नियुक्ति पर लगी मुहर

**सौंसर।** चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान जाम सांवली, की प्रबंध कार्यकारिणी की प्रथम बैठक मंदिर अध्यक्ष गोपाल शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई है।बइठल में प्रमुख रूप से रुके हुए निर्माण कार्यों की समीक्षा की गयी जिसमें गर्भ गृह तथा सभा मंडप के कार्यों को गति देने का निर्णय हुआ। एमपी टूरिज्म कारपोरेशन के अधिकारी एवं ठेकेदार एम के इंजीनियरिंग भोपाल के प्रतिनिधियों से चर्चा कर हनुमान लोक के चल रहे कार्यों की समीक्षा की। बजाज जोड़- राजना मार्ग से मंदिर पहुँच मार्ग के उन्नयन का प्रस्ताव भी सर्व सम्मति से पारित हुआ।अन्य प्रस्तावों में श्री मूर्ति संकल्प अभिषेक, श्री आरती भोग लड्डू प्रसाद वितरण व्यवस्था को शुरू करने, पार्किंग तथा न्यास की वित्त एवं लेखा व्यवस्था के प्रबंधन एवं आडिट हेतु सीए फर्म के चयन हेतु योग्य निविदाकारों से निविदाएं/भावपत्र आमंत्रित करने, मंदिर के दैनंदिन गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु विभिन्न समितियों के गठन को भी प्रबंध कार्यकारिणी ने स्वीकृति दी गई।मंदिर की प्रशासनिक व्यवस्था हेतु अनुभव प्राप्त व्यक्तियों की नियुक्ति करने, श्री रामनवमी और श्री हनुमान जन्मोत्सव के दृष्टिगत आगामी सप्ताह में न्यास की विशेष बैठक आहूत करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहोड,एड.अजय धवले,टीकाराम कारोकर शिशिर खंडार,संतोष डवरे, टीकाराम कारोकर एड एन खंडाईत,संजू डवरे,मनोहर शेलकी,नितिन मोहगावकर, पांडुरंग बोबडे आदि थे।



### सांसद ने चौरई में दी 16 लाख की सौगात

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने चौरई के गांवों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 16 लाख की सौगात दी है। जिसके तहत ग्राम रमपुरी में प्राचीन महादेव धाम पहुँच मार्ग के लिए 6 लाख एवं ग्राम लोनीकला में भी सी.सी. सड़क निर्माण के लिए 10 लाख की राशि स्वीकृत की है। उल्लेखनीय है कि सांसद बंटी विवेक साहू के चौरई प्रवास के दौरान ग्रामीणों द्वारा उनके गांवों में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग की गई थी। जिसके आधार पर सांसद बंटी विवेक साहू ने अपनी सांसद निधि से पूर्व विधायक रमेश दुबे, विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा, शैलेंद्र बबलू पटेल , बंटी पटेल एवं चौरई ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विजेन्द्र ठाकुर एवं नीरज सिंह ठाकुर की अनुशंसा पर कार्य होंगे।

## नई व्यवस्था के तहत पथकर विक्रेताओं से अस्थाई दखल राशि की वसूली कर रहा निगम

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा विगत वर्ष फुटपाथ एवं सड़क के किनारे अस्थाई रूप से दुकान अथवा ठेला लगाकर व्यापार करने वाले व्यापारियों को दैनिक राशि देने के आदेश दिए गए थे। जिसके उपरांत मध्यप्रदेश शासन के नवीन आदेश अनुसार नगर निगम छिंदवाड़ा द्वारा संबंधित व्यापारियों से न्यूनतम राशि वसूल करने के निर्देश दिए गए।परिषद के विशेष सम्मेलन में पारित संकल्प के अनुसार निकाय सीमांतर्गत अस्थायी दखल व्यापारी / पथकर विक्रेताओं से स्थायी दुकान लगाने वालों से 600/- रूपये अर्द्धवार्षिक या 1200/- रूपये वार्षिक तथा हाथ ठेला वालों से 300/- रूपये अर्द्धवार्षिक या 600/- रूपये वार्षिक की दर से वसूली किया जाना हैं। नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के आदेश पर निगम का राजस्व दल प्रत्येक पथ कर विक्रेताओं के पास पहुंच कर वित्तीय वर्ष 2024.25 तक की निर्धारित राशि जमा करवा रहा है।

## अतिथि सत्कार के गुर सीखे होम स्टे संचालकों ने

### तीन पर्यटन ग्रामों के हितग्राहियों को मिली तीन दिन निःशुल्क ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किए गए पर्यटन ग्रामों में आने वाले पर्यटकों का अतिथि सत्कार और उन्हें मिलने वाली सुविधाओं, ग्राम की स्वच्छता के गुर सिखाने के लिए पर्यटन ग्राम धूसावानी में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के माध्यम से किया गया। यहां पर धगडिया, धूसावानी और काजरा के होम स्टे संचालकों ने कार्यशाला में सहभागिता की। कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह व सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार के कुशल मार्गदर्शन में इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के



टाटा स्ट्राइव कौशल विकास केंद्र के माध्यम से यह निःशुल्क ट्रेनिंग दी गई। मास्टर ट्रेनर श्री आकाश भारद्वाज व श्री दिनेश चतुर्वेदी द्वारा होम स्टे के हितग्राहियों को अतिथि सत्कार से जुड़ी व पर्यटकों को परोसे जाने वाले भोजन की क्वालिटी, सुरक्षा और स्वागत के साथ कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। जिले के सभी होम स्टे संचालकों को कार्यशाला के माध्यम से ट्रेनिंग दिलवाई जाएगी। धूसावानी की कार्यशाला में इंडियन ग्रामीण सर्विसेज व सतपुड़ा सेल्फ संस्था का सहयोग रहा। मार्च व अप्रैल माह में होने वाली कार्यशाला के बाद सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे।

### सांसद के प्रयासों से अब छात्राओं को मिलेगी अच्छी शिक्षा

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू की प्रयासों से महारानी लक्ष्मीबाई हायर सेकेंडरी स्कूल को पीएम श्री विद्यालय बनाया गया है सांसद के प्रयासों से अब महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय की छात्राओं को अच्छी शिक्षा मिलेगी सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री शनरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रयासों से महारानी लक्ष्मीबाई सेकेंडरी स्कूल को पीएम श्री विद्यालय बनाया गया जिससे छात्राओं को अच्छी पढ़ाई और अच्छी शिक्षा मिलेगी शिक्षा को लेकर सांसद श्री साहू द्वारा लगातार छिंदवाड़ा पांढुर्णा संसदीय क्षेत्र के विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा मिले इसको लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा है इसी कड़ी में सांसद श्री साहू द्वारा लगातार प्रयास किए जाने के बाद महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल को पीएम श्री स्कूल बनाया गया है।उल्लेखनीय है कि पीएमश्री योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा छठवें चरण में में छिंदवाड़ा शहर के महारानी लक्ष्मीबाई हायर सेकेंडरी स्कूल कन्या महाविद्यालय को शामिल किया गया है । महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेंडरी महाविद्यालय में जिले भर से शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्राएं पढ़ाई के लिए आती हैं पीएम श्री विद्यालय बनाए जाने के बाद जिले भर की छात्राओं को अच्छी शिक्षा मिलने से अब इसका लाभ होगा।

### शिविर में स्वच्छता एवं बाल संरक्षण पर हुई बौद्धिक चर्चा

**छिंदवाड़ा।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई डेनियलसन डिग्री कॉलेज छिंदवाड़ा के चतुर्थ दिवस पर परियोजना कार्य के अंतर्गत स्वच्छता कार्य किया गया प्राचार्य प्रो. श्रीमती स्मृति हाबिल के निर्देशन एवं जिला संगठन प्रो. रविन्द्र नाफड़े के मार्गदर्शन में शिविर का संचालन किया जा रहा है शिविर नायक चंचलेश वर्मा द्वारा युवाओं के साथ मिलकर प्रभात फेरी ग्राम गोरेघाट में निकाली गई साथी परियोजना कार्य में स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम में हैंडपंप के पास स्वच्छता कार्य किया गया , बौद्धिक सत्र में ग्राम सालीमेटा गोरेघाट पटवारी दीपिका साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास होता है यह कला को तराशने का कार्य करती है वरिष्ठ रासेयो स्वयंसेवक जैबा अंसारी द्वारा बाल संरक्षण की जानकारी दी गई मुख्य रूप से बाल अधिकार, बाल श्रम ,बाल लैंगिक शोषण पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में स्वच्छता ही सेवा थीम पर स्वच्छता कार्य कर ग्रामीणों को जागरूक कार्य किया जा रहा है जिसमें स्वयंसेवक राजा बनवारी साक्षी माहोरे,निकिता उईके के मोनिका फरकारेअभिषेक प्रजापति अखिलेश विश्वकर्मा एवं ग्राम पंचायत गोरेघाट सरपंच श्री विजेंद्र इवनती एवं सहसचिव श्री पुरुषोत्तम निंबालकर का विशेष योगदान रहा।



## महिला सम्मेलन, संवाद, सत्कार समारोह का हुआ आयोजन

# हर क्षेत्र में बढ़ रही है महिलाएं आगे: मोहोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



नगर के भाजपा कार्यालय सौसर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा महिला संवाद, सत्कार समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजन के दौरान समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का शाल श्रीफल के साथ स्वागत सत्कार किया गया।सौसर नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर आयोजन को सफल बनाया।

वक्ताओं के द्वारा अपने उद्बोधन में महिलाओं की शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में पूर्व महिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश लता येलकर ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। शिक्षा, आत्मनिर्भरता और दृढ़ संकल्प से वे अपने सपनों को पूरा कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सिर्फ गृहिणी तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्व जिला भाजपा महिला अध्यक्ष उषा श्रीमती भमोरे ने किया। \

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड़,सौसर नगर पालिका अध्यक्ष सुरेखा इंदरचंद डागा, रामकृष्ण वाकोडे, दर्शन झाडे,भाजपा नेता मारुति लोणारे मंच पर थे।कार्यक्रम में संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड़ ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भरता और लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए। कार्यक्रम की सफलता के लिए श्रीमती उषा भमोरे, भारती चंदनकर, आशा ठाकुर, भारती बरमे,भारती चौरसिया आदि थे।

# मुख्यमंत्री को प्रदेश में धर्मांतरण पर कठोर कानून बनाने के लिए दिया साधुवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू के नेतृत्व में बहुत से सामाजिक संगठनों ने आज जिला कलेक्टर को माननीय मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर धर्मांतरण पर राज्य में कठोर कानून बनाये जाने पर बधाई दी। ज्ञापन में बताया कि समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से ज्ञात हुआ कि 8 मार्च : विश्व महिला दिवस पर आपने धर्मांतरण पर कठोर कानून बनाया । जिसके लिए आप साधुवाद के पात्र हैं। इसके पूर्व उत्तर प्रदेश सरकार , उत्तराखंड सरकार और अन्य कुछ राज्य सरकारें यह कानून बना चुकी हैं । इससे लव जिहाद और ईसाईकरण पर रोक लगेगी । सबसे पहले लगभग 40 वर्ष पूर्व सनातन संस्कृति के रक्षक परम पूज्य संत श्री आशाराम जी बापू ने लाखों लोगों की घर वापसी करवाई थी । जो हिन्दू प्रलोभन से या डर के मारे धर्म परिवर्तन कर चुके थे , उन्हें पुनः हिन्दू धर्म मे वापसी करवाई । तब से वे इसाई मिशिनिरियों के निशाने पर रहे । सन 2013 में राजनीतिक लोग जो ईसाईकरण में लगे थे , उनको निशाना बना कर एक फर्जी केस में जेल में डाल दिया । ईसाई देशों से आर्थिक सहायता प्राप्त न्यूज चैनलों ने उनका जमकर कुप्रचार किया । पर पूरे देश वासियों को उनकी सच्चाई पता है । आज भी उनके देश भर में करोड़ों करोड़ों साधक हैं । देश भर में फैले साधकों ने हमेशा धर्मांतरण का विरोध किया ।राजनीति की जानकारी रखने वालों का मानना है कि 2014 में सत्ता परिवर्तन इसका उत्कृष्ट उदाहरण है बहुसंख्यक समझने लगा था अब देश ईसाई राष्ट्र या इस्लामीकरण की ओर बढ़ रहा।

# हेल्पलाईन शिकायतों के निपटारे की रफ्तार धीमी

## कलेक्टर 5 विभाग प्रमुखों को जारी किया नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज कलेक्टर अजय देव शर्मा द्वारा सीएम हेल्पलाईन आवेदनों के स्टेटस की समीक्षा गई। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में कोताही बरतने वाले 5 अधिकारियों को कलेक्टर महोदय द्वारा नोटिस जारी किए गए। यहां उल्लेखनीय है कि श्रम विभाग, सुभाष गाडगे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जितेंद्र शिल्पी खाद्य आपूर्ति विभाग, विनय ठाकुर राजस्व विभाग तथा अब्दुल गफ्फार खान महिला एवं बाल विकास विभाग को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। समीक्षा बैठक में कलेक्टर महोदय ने पाया कि अनेक विभागों द्वारा वर्तमान माह के प्रकरण निरकृत किए गए लेकिन पहले के कुछ प्रकरण विभिन्न कारणों से लंबित पाए गए जिनका निराकरण नहीं किया गया। शासन द्वारा दी जा रही ग्रेडिंग के अनुसार पांढुर्ना जिला वर्तमान में प्रदेश में तीसरे स्थान पर है लेकिन अन्य जिलों में इस मामलों में काफी तेजी से काम किया जाकर शिकायतों का तेजी से निपटारा किया जा रहा है।

# पेंचवैली कॉलेज में मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद परासिया द्वारा शासकीय पेंचवेली कॉलेज परासिया में सीएमसी एलडीपी क्लास में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया । जिसमें परासिया विधानसभा प्रभारी ज्योति डेहरिया मुख्य अतिथि उपस्थित हुईं । मुख्य वक्ता प्रोफेसर प्रतिभा सकरवार , किरण लता चोपड़े , पूर्व बड़कुही नगर पंचायत अध्यक्ष माया डेहरिया , गायत्री परिवार से सरोज मालवी , दुर्गा आम्रवंशी , न्यूटन से बिंद्रा सिंह उपस्थित रहीं । कार्यक्रम की अध्यक्षता जन अभियान परिषद की नामिता सिंह ने की ।

विकास खण्ड समन्वयक संजीव भावरकर ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया व महिलाओं का समाज में योगदान और महत्व के बारे में बताया । सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे । मुख्य अतिथि ज्योति डेहरिया ने सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा , कि आज महिलाएं सशक्त है ,आत्मनिर्भर है । पूर्व नपं अध्यक्ष बड़कुही माया डेहरिया ने वीरांगनाओं के बारे में बताया । प्रोफेसर प्रतिभा सकरवार ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का इतिहास बताया । महिलाओं को पुरुष के समानांतर बताया। उन्होने कहा , कि महिला किसी भी प्रकार से कम नही है । आज हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के समकक्ष प्रतिनिधित्व कर रही हैं । अतिथियों को तुलसी पौधा व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया । एम एस डब्ल्यू , बी एस डब्ल्यू छात्राओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की । इस अवसर पर नवांकुर संस्था से शैलेन्द्र राय , योगेंद्र तेकाम , संजय साहू , रविन्द्र मौर्य व जितेंद्र उपस्थित हुए ।

## सेवानिवृत शिक्षक ने जुटाए चैंपियंस ट्रॉफी के आंकड़े शिक्षक रवि पुराणिक का अद्भुत संकलन

**जुन्नारदेव।** रविवार को दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया। इसमें भारत ने शानदार खेलते हुए चार विकेट से जीत दर्ज करते हुए आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया था। पाकिस्तान के द्वारा आयोजित इस क्रिकेट स्पर्धा का फाइनल दुबई में खेला गया था। आंकड़ों के लिहाज से क्रिकेट का खेल हमेशा ही महत्वपूर्ण रहा है। यहां पर आंकड़ों से ही कई रिकॉर्ड बनते व टूटते नजर आते हैं। आंकड़ों की यह जादूगरी का जुनून स्थानीय सुप्रसिद्ध सेवानिवृत शिक्षक रवि पुराणिक ₹स्कोरर₹ पर सर चढ़कर बोलता है। सन 1983 की पहले विश्व कप क्रिकेट प्रतिस्पर्धा से अब तक संपन्न आईसीसी के समस्त फॉरमैट के आंकड़ों का उनके पास हस्तलिपि में अद्भुत संग्रह मौजूद है। आंकड़ों का यह संग्रह टीवी पर मैच देखकर तथा अखबार में प्रकाशित होने वाले स्कोर कार्ड के आधार पर करते हैं। आईसीसी एक दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा, टी- 20 विश्व कप स्पर्धा, चैंपियंस ट्रॉफी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के भी आंकड़े सेवानिवृत शिक्षक रवि पुराणिक ₹स्कोरर₹ के पास अपनी ही हस्तलिपि में मौजूद रहते हैं। अपनी बेहतरीन और मीठी आवाज में जिले भर की क्रिकेट स्पर्धाओ में आंखों देखा हाल की क्रिकेट कमेंट्री करने में पारंगत रवि पुराणिक ₹स्कोरर₹का क्रिकेट के प्रति अजीब ही जुनून और जज्बा है, जो उनके इस ऐतिहासिक संग्रहण में साफ नजर आता है। इस प्रतियोगिता में कुल 15 मैच निर्धारित किए गए थे जिसमें से दो मैच बारिश के कारण नहीं खेली जा सके। इस प्रतियोगिता की पहली गेंद पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने न्यूजीलैंड के ओपनर बल्लेबाज बिल यंग को फेंकी थी। जबकि चैंपियंस ट्रॉफी की अंतिम गेंद न्यूजीलैंड के गेंदबाज विलियम ओरुर्क ने भारतीय बल्लेबाज रविंद्र जडेजा को फेंकी थी, जिस पर उन्होंने चौका लगाकर भारत को खिताबी जीत दिला दी। प्रतियोगिता के दौरान कुल 795 ओवरों में कुल 6872 रन बनाए गए जबकि इसके लिए कुल 180 विकेट आउट हुए थे।

## ग्राम पंचायत खापास्वामी में लगा है कचरे का अंबार



**डुंगरिया।** शासकीय माध्यमिक शाला स्कूल की बाउंड्री से कचरे का ढेर लगा हुआ है।ग्राम पंचायत खापा स्वामी में स्वच्छता अभियान की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। कचरे का टाका ओवर होकर बाहर कचरा फैल रहा है। कचरे की इस समस्या से ग्राम पंचायत खाप स्वामी के सरपंच सचिव अवगत करा दिया गया है। उसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। लापरवाही के कारण स्वच्छ भारत अभियान की पोल खुल रही है।

## सड़क हादसों को अंजाम देने के बाद बिना नजर आए भाग रहे वाहन

# कटंगी शहर में बंद पड़ी तीसरी आंख, चोरी की बढ़ी वारदातें

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



करीब 05 वर्ष पहले नगर के प्रमुख स्थानों में सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से लगाए गए सीसीटीवी कैमरे लगने के कुछ महिनों के बाद से ही बंद पड़े और आज तक बंद ही है. नगर परिषद ने इन बंद कैमरों को शुरू कराने के लिए आज तक कोई पहल नहीं की जबकि जिस फर्म से कैमरे लगवाएं गए थे. उसने एक वर्ष की वारंटी दी थी. बीते कुछ दिनों से जब शहर में लगातार चोरी की वारदातें हुए तो एक बार फिर जनता का इन कैमरों की तरफ ध्यान गया. सोमवार की शाम जब हमने इन कैमरों की पड़ताल की तो पता चला कि अधिकांश कैमरे गायब हो चुके है. बता दें कि शहर में सीसीटीवी कैमरे बंद होने के कारण चोरी सहित अन्य अपराध घटित होने पर बदमाशों को ट्रैस करना पुलिस के लिए चुनौती बन रहा है. शहर में आए दिन चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं. जिसमें बदमाश रिहायशी इलाके व कॉलोनियों के मकानों को अपना निशाना बना रहे हैं. चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश बड़ी ही आसानी से रफू चक्कर हो जाते है. जिनकी पहचान करना पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है. पूर्व में हुई आधा दर्जन चोरियों का सुराग अब तक नहीं लग पाया है. वहीं इसी माह की 7 तारीख को एक महिला को दिन-दहाड़े अज्ञात ठगों ने ठग लिया. यह घटना एक दुकान के कैमरे तो कैद हुई लेकिन दूरी अधिक होने के कारण आरोपियों की पहचान नहीं हो पाई. पीड़ित ने वारदात की थाने में शिकायत दर्ज कराई है. इसके अलावा और भी कई घटनाएं है. जिनके होने के बाद पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालती है. अगर शहर में सीसीटीवी कैमरे चालू तो तो शायद पुलिस को कम परेशान होना पड़ता और आरोपियों का आसानी से पता भी लगाया जा सकता था।

**लगातार कैमरा सुधार पर होती रही चर्चाः** नगर में लगे इन सीसीटीवी कैमरों को सुधार करने की चर्चा कई बार शांति समिति की बैठकों में हुई है. पुलिस विभाग ने शहर के विभिन्न स्थानों मे लगे खराब कैमरों को सुधार के लिए नगर परिषद से अनुरोध भी किया. मगर, नगर परिषद में बैठे नाकारा अधिकारी और कर्मचारियों ने आज तक सुधार नहीं किया है. बताया जाता है कि सीसीटीवी कैमरों की खरीदी में तत्कालीन अध्यक्ष और सीएमओ ने जमकर मलाई कमाई थी जिस कारण घटिया कैमरें लगाए गए. वहीं मोटा कमीशन देने वाली फर्म ने इसी वजह से वारंटी में होने के बाद भी कैमरों की मरम्मत नहीं की।

**शहर के चौक-चौराहे में लगे थे कैमरेः** नगर परिषद ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए शहर के प्रमुख लोकेशन बस स्टैड, गंज चौक, सिनेमा चौक, पुराना पेट्रोल पंप चौक, अर्जुननाला चौक सहित अन्य स्थानों में कैमरे लगाए थे. जिसकी निगरानी नगर परिषद कटंगी कंट्रोल रूम से की जानी थी. मगर, यह कैमरे कुछ ही दिनों में खराब हो गए।

## लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत देवलगांव का मामला

# स्कूल परिसर में संचालित किया जा रहा अवैध ईंट भट्टा

### *मैत्रेय पब्लिक स्कूल के संचालक ने ही लगाया भट्टा*

हरिभूमि न्यूज लांजी।



क्षेत्र में इन दिनों अवैध र्ईट भट्टों का कारोबार बेखौफ चल रहा है। इससे खनिज विभाग को हर महीने लाखों रूपये के राजस्व की हानि हो रही है। मगर अवैध ईंट भट्टा संचालकों के खिलाफ कार्यवाही नहीं होने से इनके हौसले बुलंद हैं। बता दें कि बालाघाट जिले की लांजी तहसील क्षेत्र के ग्राम देवलगांव सहित आसपास के गांव में इन दिनों अवैध ईट भट्टों की बाढ़ आने लगी है। कुम्हार जाति को मिली छूट का लाभ गाँव के रसूखदार लोग उठा रहें है। खास बात यह है कि ग्राम पंचायत देवलगांव में एक निजी स्कूल के संचालक द्वारा ही नियमों को ताक पर रखकर स्कूल के सामने ही खेल मैदान में ईंट भट्टा लगा लिया गया है। जिसकी जानकारी पंचायत को भी होने के बावजूद किसी ने कोई आपत्ति नहीं ली। दूसरी ओर वर्तमान में स्कूलों में सभी कक्षाओं परीक्षाएं चल रही है जिससे परीक्षा के दौरान ईट भट्टे से उठने वाला धुंआ स्कूली बच्चों के लिये परेशानी का सबब बना हुआ है परंतु यहां पर तो भट्टा संचालक ही स्कूल का संचालक है जिससे स्कूल के बच्चे अपनी आपत्ति भी नहीं ले सकते। गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों ईट भट्टे का कारोबार बगैर विभागीय अनुमति व रायल्टी जमा किए धडल्ले से चल रहा है। यहां तक कि जिन ग्राम पंचायत के अधीन में यह कारोबार किया जा रहा है उन्हीं के पंचायत को ही जानकारी नहीं है। इससे खनिज विभाग को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। अवैध ईंट भट्टो पर न तो प्रशासनिक लगाम लग पा रही है और न ही किसी तरह रायल्टी वसूली हो पा रही है।

**पटवारियो और पंचायतों से चल रही साठगांठः** ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों धड़ल्ले से चल रहे अवैध ईट भट्टो की जानकारी हल्का पटवारियों को होती है लेकिन अवैध ईट भट्टा संचालको से पटवारियों के साठगांठ के चलते पटवारी अपने उच्च अधिकारियों तक अवैध ईट भट्टा संचालको के ऊपर कार्यवाही करने के लिए कोई भी प्रतिवेदन नही दे रहे हैं जिससे शासन को रॉयल्टी से लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। खनिज विभाग के द्वारा अवैध ईट भट्टा, अवैध मुरुम खनन सहित अन्य विषयों पर ग्राम पंचायतों से किसी प्रकार की कोई जानकारी नही लिया जाता जिसके कारण अवैध रूप से लाल ईट भट्टा का धड़ल्ले से संचालन किया जा रहा है तथा गाँव मे पर्यावरण को दूषित किया जा रहा है।

### इनका कहना है

स्कूल परिसर में भट्टा संचालन करना नियम विरूद्ध है। ऐसी कोई बात है तो हमारे द्वारा उक्त भट्टे की जांच कराई जाएगी और कार्यवाही की जाएगी।

**कमलचंद सिंहसार, एसडीएम**

आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है। स्कूल के संचालक से इस संबंध में जवाब तलब किया जाएगा एवं स्कूल का निरीक्षण करने के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

**शिवेंद्र उके, बीआरसीसी लांजी**

# शासकीय अरण्य भारतीय महाविद्यालय बैहर में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं महिला सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मप्र जन अभियान परिषद मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम में अध्ययनरत समाजसेवी छात्र छात्राओं के द्वारा दिनांक 09/03/2025 दिन रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया मध्य प्रदेश महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत बालाघाट जिले के बैहर तहसील से चयनित श्रीमती माधुरी महेश पटले जी का किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य नियुक्त होने पर पूरे क्षेत्र के लिए यह गर्व की बात हैजिसमें सबसे पहले मुख्य अतिथि श्रीमती माधुरी पटले जी किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य का स्वागत श्रीफल और शाल देकर सम्मानित किया गया एम्-एस डब्ल्यू में अध्ययनरत महिला छात्राओं का सम्मान किया गया छात्र छात्राओं के द्वारा संगोष्ठी, भाषण व सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य गीत के माध्यम से महिला दिवस मनाया गया मुख्य अतिथि श्रीमती माधुरी पटले जी द्वारा महिला जागरूकता महिला सशक्तीकरण पर बल देने की बात की तथा बच्चों को नशा व अन्य व्यसनों से कैसे बचाया जाय निराश्रित बच्चों को शासन की मुख्य धारा में कैसे जोड़ा जाय शासकीय योजनाओं का लाभ कैसे मिले इन विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन आपके द्वारा दिया गया जिसमें उपस्थित रहे ब्लाक समन्वयक श्री महेश पटले जी परामर्शदाता श्री शिवनाथ यादव श्री सुरेश कुमार यादव श्री कुंदन मेरावी श्रीमती ज्योति बिसेन श्रीमती ओमेश्वरी रहांगडाले की उपस्थिति रही आज के कार्यक्रम में शानदार प्रदर्शन किया ज्योति कुर्वेती दीपलता चौधरी एसवंती नंदा दीपा गनवीर अविका यादव व अन्य छात्राओं द्वारा प्रस्तुति दी गई इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालन व सहयोग करने वाले छात्र विमल भावे संदीप गजभिये अंकित पटले अभय यादव एवं समस्त छात्र-छात्रा किया गया।

# छिंदीटोला में मनाया गया सॉई महोत्सव

## दुयमम शायरी का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत जागपुर के छिंदीटोला में सॉई समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा सॉई वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रातः 10 बजे से नौ गृह की पूजा अर्चना की गई। वहीं दोपहर 12 बजे से नवयुवक रामायण मंडल सॉई भजनों का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। वहीं शाम 4 बजे से हवन, पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम व आसपास के ग्रामों के हजारों ग्रामीणों ने भाग लेकर धर्मलाभ उठाया। इस मौके पर रात्रि में दुयम शायरी कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। जिसमें गायक विजय बिसेन जन जागृति शायरी मंडल मराठा बूढ़ी किरनापुर व नायिका मंजू पिछोड़े गुरुकृपा शायरी मंडल जिवरा रतनारा गोंदिया के बीच हुआ। जिसका लुत्फ ग्रामीणों ने देर रात तक उठाया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्हें कार्यक्रम में बुलाने के लिए ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही ग्राम को बड़ी सौगात मिलने वाली हैं। कार्यक्रम में राधेलाल पारधी, रामेश्वर पारधी, भुवन बिसेन, वरुण त्रिवेदी सहित ग्राम के सैकड़ों ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# 7 दिवसीय राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने लिया भाग



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 22 वॉ राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर 02 मार्च से 08 मार्च 2025 अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर में आयोजित किया गया। जिसमें शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के वरिष्ठ स्वयंसेवक अतुल घोड़ेश्वर का चयन राज्य स्तर नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर हेतु चयन किया गया। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत समस्त जिले के स्वयंसेवकों की जिम्मेदारी हेतु दल प्रभारी के रूप में महाविद्यालय वारासिवनी से कृष्णा पराते कार्यक्रम अधिकारियों रासेयो का चयन किया गया। इस राज्य स्तर नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में मध्यप्रदेश राज्य के विभिन्न जिलों की प्रत्येक इकाई से लगभग 650 स्वयंसेवक शामिल हुए।

शिविर निर्देशक डॉ. मनोज अग्निहोत्री राज्य एनएसएस अधिकारी, शिविर संचालक राहुल सिंह परिहार मुक्त इकाई रासेयो तथा शिविर व्यवस्था की कमान अवधेश प्रताप सिंह रीवा विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। सात दिवसीय राज्य स्तर नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर मेरा युवा भारत एवम् डिजिटल साक्षरता के लिए युवा विषय पर आयोजित किया गया। जिसमें प्रतिदिन प्रातः प्रभात फेरी, योग अभ्यास, परियोजना कार्य, श्रम सीकर, बौद्धिक सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम व अन्य गतिविधियां शामिल कर शिविरार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में शामिल समस्त शिविरार्थियों ने मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक के प्राकृतिक एवं धार्मिक सांस्कृतिक धरोहरों का भ्रमण किया और ट्रैकिंग एवम् एडवेंचर में उत्साह पूर्वक सहभागिता की। जिसमें नर्मदा नदी के उद्गम स्थल, माई की बगिया, सोनमूड़ा मंदिर, यंत्र मंदिर, सनसेट पॉइंट, जैन तीर्थ मंदिर जैसे तीर्थ स्थलों का भ्रमण किया एवं मेला स्थल पर पॉलिथीन मुक्त अभियान एवं पर्यावरण संरक्षण को बचाने हेतु अभियान चलाया गया।

## खबर संक्षेप

### कनक एजुकेशन वेलफेयर फाउंडेशन के तहत नारी शक्ति सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 8 मार्च शनिवार को विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिले के अंतर्गत उप तहसील उगली के सामुदायिक मंगल भवन में कनक फाउंडेशन के अंतर्गत नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उगली क्षेत्र अंतर्गत समाज को समर्पित महिलाएं राजनीतिक वर्ग, किसान वर्ग, व्यापार वर्ग, हाउसवाइफ, कर्मचारी वर्ग सभी वरिष्ठ महिलाएं जिनका समाज उत्थान के लिए कहीं ना कहीं अविस्मरणी योगदान रहा है,उन सभी को सम्मानित किया गया।

### राज्य स्तर नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर से आये विद्यार्थियों का हुआ महाविद्यालय में स्वागत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लखनादौन। मेरा युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता के लिये युवा थीम के परिप्रेक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर जो अमरकंटक जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश में 2 से 8 मार्च 2025 तक आयोजित किया गया।

स्वामी विवकानंद शासकीय महाविद्यालय में राज्य स्तर नेतृत्व शिविर में भाग लेने वाले 3 विद्यार्थी कु. मोनिका यादव, रविन्द्र भारद्वाज एवं बादल अहिरवार का महाविद्यालय के रा.से.यो. स्वयंसेवकों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। शिविर में गये तीनों स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव सभी विद्यार्थियों के साथ साझा किये एवं शिविर की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। बादल अहिरवार ने बताया कि शिविर में अनुशासन के बारे में बताया। कु. मोनिका यादव ने भाषण प्रतियोगिता में ट्रॉफी जीती एवं बौद्धिक चर्चा से होने वाले भुनभव के बारे में जानकारी साझा की।

# हिर्री नदी ओर धनई नदी से व्यापक स्तर पर हो रहा अवैध रेत उत्खनन का धंधा

## व्यापक स्तर पर हो रहे रेत उत्खनन से पर्यावरण संतुलन के लिये बना खतरा

**केवलारी । रेत उत्खनन के लिए चिन्हाकिंत खदानों में राजस्व क्षेत्र केवलारी मध्यप्रदेश शासन को करोड़ो रुपए का राजस्व प्रतिवर्ष देता है।रेत खनन के लिए चिन्हांकित स्थान का ठेका प्रतिवर्ष खनिज विभाग सिवनी के माध्यम से निर्धारित रकबा का ठेका आवंटित होता है,**



निर्धारित रकबा से हटकर प्रतिवर्ष ठेकेदारों के द्वारा हिर्री ,धनई नदी का व्यापक स्तर पर क्षरण किया जा रहा है।लगभग रकबा 6 हेक्टेयर आवंटित खदान से अधिक सेकड़ो हेक्टेयर क्षेत्र से जिला खनिज अधिकारी, खनिज निरीक्षक के संरक्षण में रेत को हिर्री ,धनई नदी से निकलने का काम ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है।अवैध उत्खनन को रोकने के लिए क्षेत्र के विधायक ठाकुर रजनीश सिंह ने भी पिछले विधानसभा में जमकर मुद्दा उठाया था लेकिन अचानक ऐसा क्या हुआ कि रेत के अवैध उत्खनन पर अपनी चुप्पी साथ लिया, चालू सत्र में हिर्री नदी खुरसुरा घाट,धनई नदी नसीपुर का ठेका राजेश पाठक बालाघाट को मिला हुआ है।

निर्धारित रकबा से हटकर पोंकलेंड मशीनरींयों के माध्यम से हजारो एकड़ से रेत निकासी हो रही है, नतीजा सामने है सारेखांकला सकरी से लेकर आसपास के ग्रामों में भुजल स्तर कम हो गया है, हैंडपंपो में पानी नहीं है तालाब बावली सुख गई है, पेंच कॉरिडोर से पांडिया छपारा वन क्षेत्र का जुड़ाव वन जीवो का आवागमनी मार्ग है लेकिन बहुतायात मशीनों पोकलेंड जीसीबी डम्फरो का शोरगुल,सेकडो डम्फरो का रात दिन से चलना रोड ओर वनजीवो के लिए अभिशापित बन गया है। 24 घंटे डंपरों की पीपो-पीपो कर मार्ग में दौड़ना क्षेत्रीय प्राकृतिक पर्यावरण संतुलन को बिगाड़ा हुआ है। हिर्री नदी ओर धनई नदी नसीपुर से रेत का अबैध तरीके से हो रहा उत्खनन सिस्टम को दागदार तो करता है साथ ही जंगल ,वनजीव, नदी के अस्तित्व को खतरा है।

### इनका कहना है

राजेश पाठक ओर उसके गुर्गो के द्वारा एनजीटी के मापदण्डो को दर किनार कर नदीयो को 40 से अधिक गहरा उत्खनन कर रहा है,जल जीव, वनजीव के साथ फारेस्ट भूमि का भी रेत उत्खनन से कटाव हो रहा है। रेत काअबैध उत्खनन क्षेत्र के पर्यावरण संतुलन के लिए अभिशापित हो रहा है।

**बींरेंद्र राज ठाकुर**
**पूर्व जिला पंचायत सदस्य उगली**



डंपर तेज गति से जाते हैं

# नियमों को ताक पर रखकर ग्रामीण क्षेत्र से फ्लाई ऐश का हो रहा परिवहन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बरेला में स्थित पावर प्लांट से फ्लाई ऐश (राख) के परिवहन को लेकर प्रशासन ने परिवहन मार्ग सुनिश्चित किया है। इसके बावजूद भी फ्लाई ऐश परिवहन ग्रामीण क्षेत्र से किया जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत दिवारी, सूरजपुर सहित अन्य आदिवासी बाहुल्य ग्राम में ट्रकों में फ्लाई ऐस बरगी नगर की तरफ से होकर गुजर रही है। जबकि यह तय मार्ग नहीं है। नियमों को ताक में रखकर प्लांट द्वारा फ्लाई ऐश का परिवहन किया जा रहा है। जिससे पर्यावरण तो प्रदूषित हो ही रहा है साथ ही लोगों को भी काफी समस्या हो रही है। उड़ते राख से आंखों पर असर पड़ रहा है। वहीं सांस लेने में भी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है इस समय हवाएं भी चल रही है। ऐसे में राख घरों के अंदर भी पहुंच जा रही है।

ग्रामीण क्षेत्र से फ्लाई ऐश से भरे डंपर तेज गति से जाते हैं। ऐसे में ग्रामीणों को हादसे की भी आशंका बनी हुई है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही इन पर रोक नहीं लगी तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

जिस मार्ग से फ्लाई ऐश का परिवहन हो रहा है वह मार्ग नर्मदा परिक्रमा वासियों के लिए प्रमुख मार्ग है। प्राकृतिक सौंदर्य का प्रतीक है। यहीं पर ईको पर्यटन केंद्र पायली स्थित है। परिवहन से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है।

### जारी किया गया था प्रतिबंधात्मक आदेश

*फरवरी माह में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संस्कृति जैन ने प्लांट से निकलने वाली राख से खेती की फसल, वायु प्रदूषण तथा असुरक्षित रूप से फ्लाई ऐश परिवहन की जानकारी को संज्ञान लेते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया था। जिसमें प्लांट की राजस्व सीमा में असुरक्षित फ्लाई ऐश का अवैध परिवहन एवं ओवर लोडिंग वाहन को प्रतिबंधित किया गया है। फ्लाई ऐश का परिवहन पूर्णतः फिट एवं वाहनों में कवर्ड कर परिवहन सुनिश्चित करने, फ्लाई ऐश का खाली वाहनों को भी गतव्य स्थल पर ही सफाई सुनिश्चित करने सहित अन्य बिन्दुओं पर आदेश दिए गए थे। इसके बावजूद भी प्रबंधन आदेशों की अवहेलना कर रहा है।*

## व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी के परीक्षाएं

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2024-25 अंतर्गत दिनांक 10 मार्च 2025 को विषय गणित की परीक्षा जिले के 84 परीक्षा केन्द्रों में व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुई। जिसमें दर्ज 18114 परीक्षार्थियों में 17661 परीक्षार्थी उपस्थित पाये गये। नकल प्रकरण निरंक पाया गया। जिला स्तर पर परीक्षा के व्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला एवं खण्ड स्तर पर उड़न दस्ता दलों का गठन किया गया था। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा निर्विघ्न एवं सुचारू रूप से संचालित पाई गई।

## प्रेक्षक प्रकाश व्यास ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यों का आवेदकों से संपर्क कर किया सत्यापन

**सिवनी।** मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नगरपालिकाओं के फोटो युक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत जिले की सिवनी नगरपालिका क्षेत्र में जारी दावा आपत्ति कार्यों का आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक श्री प्रकाश व्यास द्वारा अवलोकन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार 10 मार्च को प्रेक्षक श्री प्रकाश व्यास ने दावा आपत्ति आवेदनों को रैंडम आधार पर सत्यापन किया। उन्होंने आवेदकों से मिलकर वस्तुस्थिति को जाना तथा कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



## मुर्गियों से भरा ट्रक पलटा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के छपारा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 44 पर बंजारी घाटी के पास सुबह 11 बजे मुर्गियों से भरा एक ट्रक पलट गया। हादसे में ट्रक चालक और कंडक्टर घायल हो गए। ट्रक सिवनी से जबलपुर की ओर जा रहा था। तेज रफ्तार के कारण चालक ने ट्रक पर से नियंत्रण खो दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत 108 एंबुलेंस और छपारा पुलिस को सूचना दी। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा में भर्ती कराया गया है।घायलों की पहचान बाकी छपारा थाना प्रभारी सौरभ पटेल ने बताया कि ह्।्रद्व की टीम और पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पलटे हुए ट्रक को उठाने का काम शुरू कर दिया गया है। हादसे के कारण मार्ग को कुछ समय के लिए बंद कर वनवे यातायात चालू किया गया है। पुलिस घायलों की पहचान और अन्य जानकारी जुटा रही है।

## पुलिस कान्हीवाडा द्वारा 24 घण्टे के अन्दर बालिका की दस्तयाबी कर परिजनों की खुशी लौटाई गई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी दिशानिर्देश नाबालिक बालक -बालिकाओं की गुम / अपहृत होने के संबंध में जारी दिशा निर्देशो व श्रीमान पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के विशेष मार्गदर्शन व अति. पुलिस अधीक्षक महोदय गुरूदत्त शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) केवलारी आशीष भराडें के कुशल निर्देशन व पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कान्हीवाडा श्री ओमश्वर ठाकरे के नेतृत्व में उ.नि. अंकिता जैन, स.उ.नि. जगमोहन अधिकार कास.उ.नि. प्रमोद मालवी, आर. सुरेश चौहान, आर. शिवकुमार, म.आर. एकता शर्मा, म.आर. राधा तेकाम की टीम के द्वारा अपराध क्रमांक 70/25 धारा 137(2) बी.एन.एस. की गुम अपहृत बालिका की 24 घण्टे के अन्दर दस्तयाबी कर उनके माता पिता और परिजनों को सुपूर्द कर उनकी खुशी वापस लौटाई गई । आरोपी के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेश कर माननीय न्यायालय के आदेश से न्यायिक रिमाण्ड पर जिला जेल सिवनी निरूद्ध किया गया।

## कार और बाइक में भिडंत, 2 लोग गंभीर रूप से घायल



**कान्हीवाड़ा**-सिवनी जिले के कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिवनी-मंडला मार्ग पर बाम्हनवाड़ा के समीप आज सुबह लगभग 11:30 बजे भीषण सडक़ हादसा हो गया। जहां तिराहे पर सिवनी की ओर जा रही है एक कार और उमरिया की ओर से आ रही बाइक में जोरदार में जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार 02 लोग गंभीर रूप से घायल है, जो ग्राम मैली निवासी बताए जा रहे हैं। जानकारी अनुसार घायलों को नागपुर रेफर कर दिया गया है। घायल व्यक्तियों को सर में गंभीर चोटें हैं। जिसके चलते उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। इसके अलावा हाथ ,पैरों व शरीर के कई अंगों में भी चोट आई है। कार सवार लोगों द्वारा सीट बेल्ट का उपयोग करने के चलते उनके एयरबैग समय पर खुल गए जिसके चलते सभी कार सवार लगभग सुरक्षित हैं, जबकि बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाए हुए थे जिसके चलते उनके सर पर गंभीर चोट आईं हैं और उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। चार पहिया वाहन कार चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करें और बाइक चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाएं।

# जल संकट की दस्तक, नलकूप और हेंडपंप अभी से देने लगे जवाब, नगर में तेजी से घट रहा भू जल स्तर



**छपारा। यूँ तो इस बार जिले के साथ छपारा जनपद क्षेत्र में औसत से ज्यादा बारिश हुई थी किन्तु इसके बाद भी गत फरवरी माह से ही जल संकट की आहट सुनाई देने लगी हैं।**

बताया जाता हैं की नगर के कुछ वार्डो में जल संकट की स्थिति अभी मार्च महीना की शुरुआत में ही खतरनाक बनी हुई है जिसको देखकर आगामी गर्मी के मौसम में क्या होगा इसकी कल्पना करके ही लोगों की हालत खराब हो जाती हैं।

ज्ञात हो कि वर्तमान समय में ही बैनगंगा नदी, नाले सूखने की कगार पर हैं वहीं नगर सहित क्षेत्र के ग्रामों में नलकूप और हैंडपंप कुछ समय तक चलने के बाद जबाब देने लगे हैं स्थानीय ग्रामीण जनों की ओर से बताया गया कि पिछले एक पखवाड़े से जमीन के लगभग 200 फुट गहराई तक के क्षेत्र में नलकूप और हैंडपंप से कुछ मिनटों के बाद पानी निकलना बंद हो जा रहा है जबकि ऐसी स्थिति मई माह में पहले के वर्षों में हुआ करती थी जल स्रोतों के सूख जाने से पालतू पशुओं से लेकर पक्षियों के लिए पेयजल जैसी समस्या खड़ी हो रही है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र की बैनगंगा नदी के भीमगढ जलाशय से बालाघाट एवं अन्य क्षेत्रों के लिए नहरों से पानी छोडे जाने से एक छोटे नाले में तब्दील हो गई है जो वर्तमान में माछागोरा डेम से छोड़े गए पानी पर निर्भर है ऐसी स्थिति नदी की दो महीनों के बाद देखने को मिला करती थी क्षेत्र में तेजी से घट रहे जल स्तर से जहां लोगों को आगामी दिनों के लिए फिक्रमंद कर रही है तो वहीं निजी नलकूपों का क्षेत्र में तेजी से उत्खनन होने के क्रम बदस्तूर जारी है जिसे लेकर जिला प्रशासन से स्थानीय लोगों की ओर से स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए नलकूपों के उत्खनन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की रही है और जल्द एक बार आसमान में बादलों के डेरा से अच्छी बारि की उम्मीद की जा रही है।

# धूमा पुलिस ने पकड़ा कत्लखाने जा रहे गौ-वंश से भरी पिकअप वाहन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौनअपूर्व भलावी के मार्ग दर्शन में बिना देर किये मौका की कार्यवाही हेतु गवाहान रामसिंह पिता छतर सिह मराची व अरुण पिता रामकुमार बादव के हाईवे रोड गोटेगांव चौराहा धूमा में नाकाबन्दी की गई। जो पीकप वाहन क्रं. एमपी २०जेई ०९२८ गोटेगांव तरफ से आती हुई दिखी जो उक्त पीकप वाहन का चालक अपनी पीकप वाहन को तेज रफ्तार में चलाकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे हमराह स्टाफ के स्टापर लगाकर चमुसकिल रोका गया। जो पीकप वाहन क्र. एमपी २०जेई ०९२८ के चालक एवं उसके साथी का नाम पत्ता पुछा गया जो वाहन चालक ने अपना नाम आशीष ककोडिया पिता रघुबीर ककोडिया उम्र 27 वर्ष निवासी गरघटिया थाना धूमा व उसके साथी संदीप पिता रमेश उईकि उम्र 32 वर्ष निवासी गरघटिया थाना धूमा जिला सिवनी मप्र का होना बताया। पीकप वाहन जिसका डाला हरी नेट व पटिया से ढका हुआ था जिसे चेक करने पर गौवंश मवेशी रस्सी से क्रूरता पूर्वक भरे पाये गये। पीकप वाहन में मौके पर पीकप के डाला की त्रिपाल हटवाकर गौवंश मवेशी की गणना करवाई गई पीकप वाहन में 06 नग नाटा जुमला रंग काला लाल सफेद मटमैले उम्र करीबन 4-6 वर्ष गौवंश मवेशी क्रूरता पूर्वक रस्सीयों से बंधे हुये सभी कृषि योग्य पशु प्रतीत हुये पाये गये। जिनको रस्सीयों से क्रूरता पूर्वक बांधकर कृषि योग्य पशुओ को वध करने की नियत से बिना चारा, पानी, भूसा के बिना रमना क्रय विक्रय के दस्तावेजो डाक्टरी रिर्पोट के ले जाते हुये पाये गये। आरोपीयो से पुछताछ कर मेमोरेन्डम/पंचनामा तैयार किया गया कथन लेख किया। जो आरोपीयो ने अपने अपने मेमो कथनो में बताया कि पीकप वाहन को किराये पर लेकर जंगल व आसपास के ग्रामों से गौवंश को पीकप वाहन में भरे थे जिन्हें बरघाट के रास्ते नागपुर कत्लखाने ले जा रहे थे। पीकप वाहन में 06 नग गौवंश मवेशी की किमत लगभग 30,000 तथा पीकप चाहन एमपी २०जेई ०९२८ की कीमत लगभग 7,00,000 रू एवं आरोपीयो के पास से 12 नग एन्ड्राईड मोचाईल क्रमशः नारजो वीवो कम्पनी का कीमत लगभग 20,000 रुपये की होगी । पकडे गये पीकप वाहन के आरोपी चालक एवं उसके साथी आरोपी, पीकप वाहन, गौवंश मवेशी एवं हमराह स्टाफ मय थाना मोबाईल के मौके की कार्यवाही कर पीकप वाहन के डाला में पाई गई गौवंश एवं पीकप वाहन को बिना दस्तावेजो के जप्ती किया। गौवंश मवेशीयो को नागनदेवरी गौशाला में सुरक्षार्थ रखवाकर पावती प्राप्त की गई एवं आरोपीयो की विधिवत गिरफ्तारी की गई। आरोपीगणो के द्वारा गौवश क्रय-विक्रय करने की रशीद दस्तावेज पेस नहीं करने तथा गौवंश का क्रुरतापुर्वक परिवहन करने से आरोपीगणो का कृत्य अपराध गौवंश धाराओं का पाया जाने से अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

### मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला सिवनी के निर्वाचन हुए संपन्न

# पटवारी संघ जिलाध्यक्ष बने सुदेश सिंह ठाकुर



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला सिवनी के अंतर्गत जिला अध्यक्ष पद के निर्वाचन हेतु गठित निर्वाचन समिति व्दारा अधिसूचना निर्वाचन हेतु जारी की गई। तत्पश्चात निर्वाचन समिति द्वारा 09 मार्च 2025 को जिलाध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन प्रक्रिया लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन कर निर्वाचन संपन्न कराया गया। जिसमे अध्यक्ष पद के लिये 03 प्रत्याशी सुदेश सिंह ठाकुर, पारस ठाकुर एवं आदित्य राहंगडाले द्वारा अपनी दावेदारी प्रस्तुत की गई। जिसके बाद सिवनी जिले की 08 तहसील में पदस्थ कुल 555 पटवारियों की मतदाता सूची अनुसार मतदान कराया गया। जिसमे जिलाध्यक्ष के निर्वाचन में 555 कुल पटवारी मतदाताओ में से 465 पटवारी मतदाताओं के वैध मत पाये गये। अध्यक्ष पद के लिये प्रत्याशी सुदेश सिंह ठाकुर को सर्वाधिक 185 मत, पारस ठाकुर को 158 मत, एवं आदित्य राहंगडाले को 124 मत प्राप्त हुये। इस प्रकार मध्यप्रदेश पटवारी संघ सिवनी जिलाध्यक्ष पद पर सुदेश सिंह ठाकुर निर्वाचित हुए। इसके बाद सुदेश सिंह ठाकुर ने निर्वाचन अधिकारी सहित सभी पटवारी साथियो का आभार व्यक्त किया। वही इस दौरान उपस्थित सभी पटवारी साथियो ने सुदेश सिंह ठाकुर को जिलाध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं दी।

### आरती पटेल एवं विनीत राय को मिला इफको संकट हरण बीमा योजना का लाभ

# कलेक्टर ने पीड़ित परिजनों को सौंपा 2-2 लाख रु का चेक

**सिवनी के ग्राम बजरवाड़ा के कृषक रामकुमार पटेल एवं ग्राम पौड़ी के कृषक सतीश राय की कुछ समय पूर्व विद्युत करंट लगने से असामयिक मृत्यु हो गई थी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



उक्त कृषकों के द्वारा इफको नैनो उर्वरक एवं रासायनिक उर्वरक अपने क्षेत्र की समिति बीसाबाड़ी सेवा सहकारी समिति से क्रय किया गया था। समिति प्रबंधक श्री रितेश कुमार राय के संज्ञान में आया कि क्षेत्र के दो कृषकों की दुर्घटनावश असामयिक मृत्यु हो गई है ,उन्होंने तत्काल इफको क्षेत्र अधिकारी श्री अनिल बिरला जिला सिवनी को उक्त घटना की सूचना दी। जिससे कृषकों के हितग्राही आरती पटेल एवं विनीत राय को इफको संकट हरण बीमा योजना के अंतर्गत 2-2 लाख रुपए का लाभ दिलाया। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि श्री मोरिश नाथ, श्री के के सोनी महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक सिवनी, श्री संतकुमार राजपूत इफको, श्री अनिल बिरला क्षेत्र अधिकारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि इफको द्वारा इस योजना का लाभ उन किसान परिवारों को ऐसी आकस्मिक दुर्घटना में सहयोग प्रदान करता है जिनके द्वारा पूर्व में इफको का रासायनिक उर्वरक नैनो उर्वरक किसी भी सहकारी समिति, इफको बाजार, संस्थाएं से क्रय करने पर संबंधित किसान का बीमा निशुल्क स्वतः ही हो जाता है।

## ब्राह्मण समाज ने सौंपा ज्ञापन , कहां कार्यवाही नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन

# बौद्धगया विहार पर विवाद: जातिगत टिप्पणियों से नाराज ब्राह्मण समाज

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में बौद्धगया विहार को लेकर चल रहे आंदोलन में जातिगत टिप्पणियों के विरोध में ब्राह्मण समाज ने पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है। सोमवार दोपहर एक बजे समाज के प्रतिनिधियों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डाबर को ज्ञापन सौंपा।

महाबोधि बौद्धविहार के संचालन में बदलाव की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन में कुछ लोगों की ओर से 'ब्राह्मण मुक्त बौद्ध विहार' के नारे और पोस्टर लगाए जा रहे हैं। ब्राह्मण महिला मंडल की अध्यक्ष संध्या दीक्षित ने कहा कि इस आंदोलन में ब्राह्मण समाज को निशाना बनाया जा रहा है।



समाज के प्रतिनिधि राकेश मिश्रा का आरोप है कि यह आंदोलन विदेशी मदद से हिंदू सरकार को अस्थिर करने के लिए चलाया जा रहा है। ब्राह्मण समाज के सचिव निशांत मिश्रा ने चेतावनी दी है कि अगर इस मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो वे जिले में सात दिन का उग्र आंदोलन करेंगे।

गौरतलब है कि बौद्ध अनुयायी 1949 के टेंपल एक्ट में संशोधन की मांग कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि ट्रस्टी बोर्ड से गैर-बौद्धों को हटाकर केवल बौद्धों को शामिल किया जाए।

## फॉर्मर रजिस्ट्री एवं आधार लिंकिंग के कार्य अब युद्ध स्तर पर प्रारम्भ

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा जिले में फॉर्मर रजिस्ट्री एवं आधार खसरा लिंकिंग के कार्यों को युद्ध स्तर पर करने के निर्देश जारी किये गए है। वहीं आयोजित शिविर की सतत निगरानी के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। चूँकि मार्च 25 के उपरांत पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए फॉर्मर आईडी अनिवार्य होगी। इसी परिप्रेक्ष्य में मंगलवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक एवं शाम 4 बजे से 6 बजे तक फॉर्मर रजिस्ट्री एवं आधार लिंकिंग शिविर का आयोजन लालबर्रा, खैरलांजी, लांजी, किरनापुर, वारासिवनी, कटंगी तथा बालाघाट की ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। जिसमे प्रत्येक ग्राम पंचायतों में पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, कृषि विभाग के अधिकारी/कर्मचारी, पीएसीएस के कर्मचारी, ग्राम कोटवार व सर्वेयर की टीम उपस्थित रहकर किसानों की फॉर्मर आईडी बनाने का कार्य सुनिश्चित करेंगे।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के नाम पर 5 करोड़ की धोखाधड़ी

### देशभर में 93 हजार और बालाघाट में 14 हजार लोगों से की ठगी, 4 आरोपी गिरफ्तार, एक फरार



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

बालाघाट जिले में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के नाम पर बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। वारासिवनी पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने देशभर में 93 हजार और बालाघाट में 14 हजार लोगों से 5 करोड़ से ज्यादा की ठगी की है। पुलिस के अनुसार, पे-टू-पे सोशल फाउंडेशन के नाम पर चलाए जा रहे इस घोटाले में सीनियर मैनेजर कैलाश जांगिड़, महिपाल सिंह शेखावत, एरिया मैनेजर शंकर परिहार और एजेंट हरीश मेश्राम को गिरफ्तार किया गया है। फाउंडेशन का अध्यक्ष प्रभुदयाल शर्मा अभी फरार है।

वारासिवनी एसडीओपी अभिषेक चौधरी ने बताया कि आरोपी मल्टीलेवल मार्केटिंग के जरिए लोगों से 550 रुपए की रसीद कटवाते थे। बदले में वे बेटी की शादी पर एक लाख रुपए और गिफ्ट देने का वादा करते थे। दुर्घटना होने पर भी राशि देने का झांसा देते थे।

मामला तब सामने आया, जब 9 मार्च को वारासिवनी की रहने वाली एजेंट रंजीता फुलमारी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। रंजीता ने खुद 25 सदस्य बनाए थे, लेकिन संदेह होने पर उन्होंने पुलिस से संपर्क किया। आरोपी एजेंटों को 17 चेन लेवल तक अलग-अलग इनाम और अंतिम लेवल पार करने पर एक करोड़ रुपए के कमीशन का लालच भी देते थे।

### पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में किया गिरफ्तार

वारासिवनी पुलिस ने शिकायत के बाद वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के नाम पर धोखाधड़ी कर रहे पे-टू-पे सोशल फाउंडेशन के सीनियर मैनेजर राजस्थान के जयपुर जिला के अंतर्गत नागंल भरड़ा निवासी कैलाश सिंह जांगिड़, शहपुरा तहसील के जोशी मोहल्ला बिदारा निवासी महिपाल सिंह शेखावत, बालाघाट भटेरा निवासी एरिया मैनेजर शंकर परिहार और वारासिवनी के बीड़ी कॉलोनी निवासी हरीश मेश्राम को गिरफ्तार किया है।

## संभागायुक्त श्री वर्मा बुधवार को सम्भाग के कलेक्टर्स के साथ करेंगे वीसी के माध्यम से समीक्षा

**बालाघाट।** जबलपुर संभाग कमिश्नर श्री अभय वर्मा की अध्यक्षता में 12 मार्च शाम 5 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्भाग के सभी कलेक्टर्स के साथ विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा सुनिश्चित की जाएगी। जिसमे वे राजस्व न्यायालयों के लंबित प्रकरणों, राज्य सेवा के अधिकारियों की शासन स्तर पर लंबित शिकायत,सीएम हेल्पलाइन की शिकायत, आरबीसी (6-4) से संबंधित प्रकरणों की स्थिति जानेंगे। साथ ही भू-अर्जन प्रक्रियाओं की प्रगति, अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण और राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति, ई-ऑफिस के संचालन संबंधी, जिला बदर के मामलों की स्थिति, एससी, एसटी, ओबीसी छात्रवृत्ति के वितरण में देरी के कारण, ई उपार्जन फसलों की खरीदी की प्रक्रिया, पर्वों के दौरान कानून-व्यवस्था व जिले में संचालित अन्य योजनाओं पर चर्चा सुनिश्चित करेंगे।

# क्षेत्र में बढ़ती चोरी व अन्य अपराधों को लेकर पत्रकारों ने थाना प्रभारी से की चर्चा

### थाना प्रभारी ने कहा - कबाड़ी वालों सहित गांजा, शराब और अनैतिक काम करने वालों पर करेंगे कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात बढ़ रही है एवं अन्य नंबर 2 के काम करने वाले माफिया भी बेखौफ होकर बिना पुलिस के डर से कई अनैतिक काम क्षेत्र में कर रहे हैं। कुछ मामलों पर पुलिस कार्रवाई भी करते आ रही है, अनेक वारदातों के पुलिस ने खुलासे भी कर चुकी है लेकिन कुछ वारदातों के खुलासे नहीं हो पाए या तो कुछ अनैतिक काम पुलिस को पता नहीं है या फिर पुलिस का अनैतिक काम करने वाले माफियाओं से मधुर संबंध होते हुए संरक्षण प्राप्त हो सकता है। कभी-कभी तो जिम्मेदार प्रशासन कुछ मामलों में ₹गरीबों पर सितम- अमीरों पर रहम₹ जैसा भी व्यवहार करते हैं। मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामों में लगातार बढ़ रही चोरियां चाहे वह गाड़ी हो या पानी के मोटर पंप हो वह कबाड़ खानों में आसानी से बिक रही है। ऐसी जानकारी मीडिया कर्मियों को भी कुछ दिनों से लग रही है जिसकी पड़ताल करने एक कबाड़ दुकान में मीडिया कर्मी पहुंचे, इसके बाद मीडिया कर्मी का पूरा समूह लालबर्रा थाना पहुंचकर थाना प्रभारी से विस्तृत चर्चा की जिस पर उन्होंने आश्वस्त तो करवाया है कि चाहे कबाड़ वाले हो या गांजा वाले, अवैध शराब बेचने वाले, या कोई भी अन्य अनैतिक गतिविधि को अंजाम देने वाले किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा और शिकायत मिलेगी तो सब पर विधिवत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# तहसील कार्यालय परिसर में भूख हड़ताल पर बैठा कोटवार

### *कथित तौर पर गाली-गलौज और जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने का लगाया आरोप*



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी शहर के हल्का पटवारी पर कथित तौर पर गाली-गलौज और जाति सूचक शब्दों का उपयोग करने का आरोप लगाते हुए एक कोटवार तहसील कार्यालय परिसर में सोमवार से भूख हड़ताल पर बैठ गया है. कोटवार मनोज खोबरागड़े का यह आरोप है कि पटवारी जागेंद्र चौधरी ने उनके साथ गाली-गलौज की गई और जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया है. वही पटवारी जागेंद्र चौधरी ने पूरे मामले में अपना पक्ष रखते हुए बताया कि कोटवार के द्वारा जो आरोप लगाया जा रहे हैं वह पूरी तरह निराधार और बेबुनियाद है. जिसकी सूचना उन्होंने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी है. भूख हड़ताल पर बैठे कोटवार का यह आरोप है कि पटवारी के द्वारा गाली गलौज किए जाने की शिकायत उन्होंने तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर, विधायक और सांसद से की लेकिन कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई. जिस कारण उसे मजबूरन भूख हड़ताल पर बैठना पड़ा है. कोटवार हल्का पटवारी को अन्य स्थान पर स्थानांतरण करने की मांग कर रहा है. जिसके चलते सोमवार की सुबह 10 से जैसे ही तहसील कार्यालय शुरू शुरू हुआ तभी से कोटवार तहसील परिसर में पंडाल लगाकर भूख हड़ताल पर बैठ गया और शाम 5 बजे तक पंडाल में भूख हड़ताल पर बैठा हुआ रहा. इस दौरान दोपहर करीब ढाई बजे के आसपास एसडीएम मधुवंतराव धुर्वे ने कोटवार से मुलाकात की और किन कारणों की वजह से वह भूख हड़ताल पर बैठा हुआ है इस संबंध में जानकारी ली।

पटवारी जागेन्द्र चौधरी का कहना है कि कोटवार को केवल कार्य करने के लिए बोला गया था. कोटवार ने डायवर्सन की राशि वसूल की गई थी. जिसे जमा कराने के लिए बोला गया था. यह राशि जमा कराने की बजाए कोटवार टालमटोल कर रहा था. भूख हड़ताल पर बैठे कोटवार का कहना है कि उन्होंने वसूली की पूरी राशि जमा करा दी गई है. भूख हड़ताल पर बैठे कोटवार से कोटवार संघ ने दूरी बनाकर रखी है.

# महर्षि अरविंद फाउंडेशन रेहगी मोहगांव में जागतिक महिला दिवस मनाया गया

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** ग्राम लोरा मोहगांव के मां भगवती रामायण मंडली द्वारा महर्षि अरविंद फाउंडेशन रेहगी मोहगांव में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर रामायण पाठ, भजन, कीर्तन का आयोजन किया गया। रामायण पाठ समाप्ति के बाद उपस्थित महिलाओं द्वारा नारी सशक्तिकरण, नारी उत्थान, नारी शिक्षा, एवं। समग्र मानवता के विकास संबंधी वक्तव्य, गीत, कविताओं का मंचन किया गया। कार्यक्रममें सुखवती सिल्हारे श्रीमती सुषमा चंद्रबे, मीना वराडे, प्रमिला सिल्हारे, स्वाति ब्रम्हे, रुपलक्ष्मी भारद्वाज, ओंकारेश्वरी बघेल, कविता बघेल, आरती गोयल, प्रेमा नागेश्वर, याशी, महाबती, शारदा गोयल, शशि, रेखा वराडे, पिंकी, शशि ब्रम्है, शैलू,



मोनिका, समीक्षा, नेहा बिसेन, रजनी बिसेन और सुनीता टोरिया, डाक्टर चन्द्रकला चौधरी, डाक्टर अनीता कटरे, और अन्य महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम को सफल बनाने और सहयोग के लिए महर्षि अरविंद फाउंडेशन रेहगी के मां आदि शक्ति महिला मंडल की ओर से भगवती ताई, श्रीमती सोमवती धुर्वे, सुमित्रा धुर्वे मीना ब्रम्है और श्रीमती अनीता नागेश्वर, ने आभार और धन्यवाद व्यक्त किए।

# बस स्टैंड के पास कचरा जमा : स्कूल, चर्च और अस्पताल के पास गंदगी से लोग परेशान

**बालाघाट।** बालाघाट नगर पालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 11 में बस स्टैंड के पास पुराने आबकारी कार्यालय परिसर में बनाए गए अस्थायी कचरा संग्रहण केंद्र से स्थानीय निवासी परेशान हैं। दो वार्डों का कचरा यहां एकत्र किया जा रहा है। स्थानीय दुकानदार नदीम के अनुसार, हवा के साथ दिनभर दुर्गंध फैलती रहती है। वार्डवासी महेंद्र रामटेके ने बताया कि कचरा संग्रहण स्थल के सामने एक व्यस्त सड़क है। इसके आसपास स्कूल, चर्च और अस्पताल भी स्थित हैं। इस कारण आम नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्वच्छता नोडल प्रभारी प्रीति घरते के अनुसार, जेसीबी मशीन खराब होने के कारण कचरे के उठाव में समस्या आ रही है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि अगले दिन से व्यवस्था सुधार ली जाएगी। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि कचरा कई दिनों तक वहीं पड़ा रहता है। राहगीर मुंह पर कपड़ा रखकर इस मार्ग से गुजरते हैं। वार्ड क्रमांक 11 की पार्षद सरिता महेंद्र उइके ने बताया कि उन्होंने कई बार नगर पालिका के अधिकारियों का ध्यान इस समस्या की ओर खींचा है। लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। एक तरफ नगर पालिका स्वच्छता का दावा करती है, वहीं दूसरी तरफ शहर के बीचोंबीच कचरा संग्रहण केंद्र बनाकर लोगों की परेशानी बढ़ा रही है।



## मां अन्नपूर्णा धाम के विकास की मांग

**बालाघाट।** बालाघाट के हट्टा क्षेत्र स्थित गढ़दा के कोठी गढ़ में मां अन्नपूर्णा धाम के विकास की मांग उठी है। मंदिर समिति ने सांसद, विधायक और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर मंदिर तक बिजली और सड़क की सुविधा मांगी है। मंदिर के पंडित मुरली चौबे के अनुसार, 10 सितंबर 2006 को प्राकृतिक भंवरगुफा में मां अन्नपूर्णा की प्रतिमा प्रकट हुई थी, तब से यह स्थान अहम धार्मिक केंद्र बन गया है। शारदीय और चैत्र नवरात्र के दौरान बड़ी संख्या में भक्त यहां दर्शन करने आते हैं। मध्य प्रदेश के अलावा छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। भक्तों के सहयोग से मंदिर समिति इसका संचालन कर रही है।

## लांजी में एसडीएम और टीआई ने दिए सख्त निर्देश

# होली और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज लांजी।

धर्मनगरी लांजी में होली और रमजान को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। एसडीएम कमलचंद सिंहसार और थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा कालबेले, नगर परिषद सीएमओ बी.एल. लिल्हारे, उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर, कांग्रेस नेता प्रमोद अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधी ताराचंद कालबेले की मौजूदगी में थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम और थाना प्रभारी ने सभी को त्योहारों की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सामाजिक समरसता और सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। एसडीएम श्री सिंहसार ने बताया कि त्यौहारों के चलते सुरक्षा को लेकर कई अहम निर्देश दिए गए। वहीं होली पर्व के दिन जुमा होने के चलते सभी आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की और कहा की कोई भी किसी व्यक्ति को जबरदस्ती रंग गुलाल न लगाएं और शांति व्यवस्था न बिगाड़े। एसडीएम ने कहा की मुस्लिम धर्मावलंबियों के लिये नमाज पढने के लिये कोई समय निर्धारित नहीं किया गया है जो उनका समय है वह अपने समयानुसार मस्जिद में जाकर नमाज पढ़ सकते है। शांति समिति की बैठक के दौरान आसिफ बेग, साजिद खान, इमरान शेख, दिनेश कचवाहा, बिसोनी उपसरपंच पवन कश्यप, अशोक पालीवाल, पत्रकार दिनेश रामटेक्कर, संजय टेंभरे, बबीता पशीने, श्रीमती मीना बिलगौर, श्रीमती मौना कौर, विशाल तिड़के, आशीष भंडारकर, शालू अली, अमित आसटकर, योगेश रामटेक्कर, पत्रकार रामानुज तिड़के एवं अन्य मौजूद रहे।

## स्थानापन्न सरपंच के निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पहुंचा आदेश

# झालीवाड़ा पंचायत के स्थानापन्न सरपंच के निर्वाचन में अपर कलेक्टर ने दिया स्थगन

### पंचगण हुए आक्रोशित, कमिश्नर के सामने करेंगे अपील

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत झालीवाड़ा के स्थानापन्न सरपंच की प्रक्रिया एक बार फिर उलझ गई हैं। बालाघाट जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी के आदेश के बाद 10 मार्च को ग्राम पंचायत झालीवाड़ा में स्थानापन्न सरपंच की कार्यवाही विधिवत पूर्ण होने के बाद कार्यवाही को रोकने के लिए अपर कलेक्टर बालाघाट के पहुॅचे आदेश ने वैधानिक अड़चने उत्पन्न कर दी हैं। स्थानापन्न सरपंच के निर्वाचन की कार्यवाही वैधानिक रुप से पूर्ण होने के बाद आए अपर कलेक्टर बालाघाट के आदेश से पंचों में आक्रोश की लहर व्याप्त हो गई हैं। उनके द्वारा इसे पंचायतीराज में पंचों के अधिकारों पर प्रशासनिक अधिकारियों का हस्तक्षेप माना जा रहा हैं। पंचों ने अपर कलेक्टर के आदेश के खिलाफ कमिश्नर जबलपुर के समक्ष अपील करने का मन बनाया हैं।

**14 फरवरी को अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान के माध्यम से हटाया था सरपंच को:**

विदित हो कि ग्राम पंचायत झालीवाड़ा की सरपंच अनुसूया अशोक शरणागत के खिलाफ पंचायत के 19 पंचों द्वारा 3 फरवरी 25 को अविश्वास का प्रस्ताव लाया गया था। जिस पर विधिवत कार्यवाही करने के बाद एसडीएम वारासिवनी के निर्देश पर ग्राम पंचायत भवन झालीवाड़ा में 14 फरवरी 25 को सभी पंचों की बैठक बुलाई गई थी। जिसमें 2 के खिलाफ 18 मतों के बहुमत से अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया था और इस प्रकार सरपंच अनुसूया शरणागत को पद से पृथक कर दिया गया था।

**स्थानापन्न सरपंच के निर्वाचन की कार्यवाही करने का आदेश दिया था जिला पंचायत सीईओ ने:** इस पूरी कार्यवाही की जानकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वारासिवनी द्वारा जिला पंचायत बालाघाट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भेजी गई थी। जिसका अवलोकन करने के बाद जिला पंचायत बालाघाट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ ने 6 मार्च 25 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत वारासिवनी को पत्र लिखकर मध्यप्रदेश पंचायत एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 38 में विहित प्रावधानों के तहत स्थानापन्न सरपंच के निर्वाचन की कार्यवाही नियमानुसार करवा कर कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश दिए थे।

जनपद सीईओ ने 10 मार्च को स्थानापन्न सरपंच के निर्वाचन की कार्यवाही के दिए थे आदेश

जिसके परिप्रेक्ष्य में सीईओ जनपद पंचायत वारासिवनी ने स्थानापन्न सरपंच की कार्यवाही सम्पन्न करवाने के लिए 10 मार्च 25 की तिथि निर्धारित करते हुए निर्वाचन का दायित्व खंड पंचायत अधिकारी इरफान खान, पंचायत समन्वयक रमेश पटले, सचिव छोटेलाल राणा सहित अन्य लोगों को सौंपा था। जिसका परिपालन करते हुए इन अधिकारियों ने 10 मार्च 25 की सुबह 12 बजे से पंचायत भवन झालीवाड़ा में स्थानापन्न सरपंच के निर्वाचन की कार्यवाही सम्पन्न करवाने के लिए पंचों की बैठक बुलाई। जिसमें पंचायत के सभी 19 पंच उपस्थित हुए।

**पंचों ने साधना सुरेश सोनवाने को सर्वसम्मति से स्थानापन्न सरपंच चुना:** बैठक में अधिकारियों ने जिला पंचायत बालाघाट के सीईओ के आदेश और धारा 38 के बारे में विस्तृत जानकारी पंचों को प्रदान की और उसके बाद स्थानापन्न सरपंच के निर्वाचन के लिए प्रस्ताव रखा गया। जिस पर सभी पंचों ने एकमतेन सर्वसम्मति से हाथ उठाकर सरपंच पद पर अन्य पिछड़ा वर्ग की महिला पंच श्रीमती साधना सोनवाने के नाम पर अपनी सहमति प्रदान की और इस प्रकार श्रीमती साधना



सोनवाने को पंचों ने स्थानापन्न सरपंच के पद पर चुन लिया। जिसकी पूरी कार्यवाही विधिवत रुप से सचिव द्वारा रजिस्टर में दर्ज कर ली गई और श्रीमती सोनवाने को स्थानापन्न सरपंच घोषित कर कार्यवाही पूर्ण कर ली गई।

**कार्यवाही पूर्ण होने के बाद आया व्हाट्सअप मैसेज:** इस कार्यवाही के पूर्ण होने के बाद जब सभी पंच पंचायत भवन से बाहर निकल रहे थे, तभी निर्वाचन करवाने के लिए आए अधिकारियों के मोबाईल पर एक मैसेज आता हैं, जिसमें अपर कलेक्टर बालाघाट द्वारा जनपद पंचायत वारासिवनी की सीईओ को भेजे गए पत्र की प्रति थी। इस पत्र में अपर कलेक्टर बालाघाट ने स्थानापन्न सरपंच की कार्यवाही को आगामी आदेश तक स्थगित करने के आदेश दिए थे। इस आदेश के अनुसार सरपंच अनुसूया शरणागत के खिलाफ पारित अविश्वास प्रस्ताव को लेकर एक अपील अपर कलेक्टर बालाघाट के समक्ष पेश की गई है, जिसमें प्रकरण विचाराधीन हैं, इसीलिए स्थानापन्न सरपंच की कार्यवाही पर स्थगन दिया गया हैं।

**पंचों को पढक़र सुनाकर टीम में लिखा- निर्वाचन की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी:** इस पत्र के व्हाट्सएप पर मिलने के बाद अधिकारियों ने पत्र को सभी पंचों को पढक़र सुनाया और उसके बाद स्थानापन्न सरपंच की कार्यवाही के रजिस्टर में अंत में उन्होंने अपनी टीम लिखी। जिसमें उन्होंने स्पष्ट रुप से लिखा हैं कि उपरोक्तानुसार अर्थात स्थानापन्न सरपंच की कार्यवाही पूर्ण होने के बाद कलेक्टर बालाघाट का पत्र व्हाट्सएप के माध्यम से प्राप्त हुआ। जिसे पंचों को पढक़र सुनाया गया हैं।

अपर कलेक्टर बालाघाट के इस पत्र से सभी पंचों में आक्रोश फैल गया। वह सभी तत्काल जनपद पंचायत वारासिवनी पहुॅचे और अधिकारियों से मिल कर उन्हें स्थानापन्न सरपंच के निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण होने की जानकारी भी दी। उनका कहना था कि जब स्थानापन्न सरपंच की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, तो स्थगन का कोई अर्थ नहीं रह जाता हैं।

इस संबंध में ग्राम पंचायत झालीवाड़ा के उपसरपंच पंकज डोंगरे व पंच हेमंत चौधरी ने कहा कि हमारे द्वारा 3 फरवरी 25 को सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। जिस पर 14 फरवरी को बैठक में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हुई थी, जो 18 मतों के बहुमत से पारित हुआ था। उसके 15 दिन के अंदर स्थानापन्न सरपंच की कार्यवाही पूर्ण हो जाना चाहिए था। लेकिन अधिकारियों ने इसे पूर्ण नहीं किया। जिस पर हम पंचों ने कलेक्टर बालाघाट व जिला पंचायत सीईओ से मुलाकात कर उन्हें कार्यवाही करने का अनुरोध किया था। जिसके बाद हमें 6 मार्च 25 को पत्र मिला था कि स्थानापन्न सरपंच के निर्वाचन की प्रक्रिया 10 मार्च 25 को होगी। जिस पर आज स्थानापन्न सरपंच के निर्वाचन की कार्यवाही पूर्ण की गई। अपर कलेक्टर ने 4 मार्च को 18 मार्च की पेशी का नोटिस भेजा, तो स्थगन क्यों नहीं दिया?